हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

तापमान

अधिकतम 40.9 डिग्री
न्यूनतम 18.8 डिग्री

रोहतक, शनिवार 16 मई 2026



12 सीएम फ्लाइंग की कार्वाई: जिला अस्पताल ...



12 महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की पहल, हुनर ..





## सीबीएसई 12वीं के परीक्षा परिणामों में आरपीएस के होनहारों ने फिर छुआ सफलता का शिखर

-10वीं में आरपीएस के 64 विद्यार्थियों ने 99 से अधिक अंक प्राप्त कर सर्वश्रेष्ठता की पताका लहराई

-जेईई मेन में 54 विद्यार्थियों ने 99 परसेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त कर बिखेरी प्रतिभा की चमक

-आरपीएस की स्वाति 99.6, ईप्सा डागा 99.2, अक्षिता धीमान 99, वनीषा जैन 98.8 प्रतिशत अंकों के साथ 12वीं के परिणाम में इंडिया के टॉप रैंकर्स में शामिल -जेईई एडवांस्ड के लिए आरपीएस के 633 में से 456 विद्यार्थियों ने 72 प्रतिशत की सक्सेस रेट से क्वालीफाई किया

**महेंद्रगढ़** शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सर्वोच्चता और गुणवत्तापूर्ण अध्यापन के लिए विख्यात आरपीएस ग्रुप ऑफ स्कूल्स ने एक बार फिर नया इतिहास रच दिया है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 के परीक्षा परिणामों में संस्थान के विद्यार्थियों ने सीबीएसई 12वीं, 10वीं और जेईई मेन जैसी चुनौतीपूर्ण परीक्षाओं में प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इस वर्ष सीबीएसई के 12वीं के परीक्षा परिणाम में साइंस ( मेडिकल व नॉन मेडिकल), कॉमर्स एवं ह्यूमैनिटीज संकाय में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए अंकों का शिकार शिखर छुकर आरपीएस का नाम देश में रोशन किया। आरपीएस के सीईओ इंजी. मनिष राव ने बताया कि छात्रा स्वाति सिंह ने 12वीं में 99.6 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, छात्रा इप्सा डागा ने 99.2 प्रतिशत अंकों लेकर द्वितीय जबकि वनीषा जैन ने 98.8 प्रतिशत का बेहतरीन स्कोर प्राप्त किया। वहीं छात्रा अक्षिता धीमान ने 99 प्रतिशत अंक हासिल कर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की। संस्थान के 22 प्रतिभावान विद्यार्थियों ने 98 प्रतिशत से अधिक और रिकॉर्ड 153 छात्रों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता को साबित किया है। इसके अलावा, स्कूल के कुल 458 विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में 100 में से 100 अंक हासिल कर परफेक्ट स्कोर का शिखर छुआ, जो स्कूल के शानदार मार्गदर्शन और बच्चों की कड़ी मेहनत को दर्शाता है।


**- आरपीएस सीबीएसई 10वीं के परीक्षा परिणामों में भी बना सिरमोर**

10 वीं कक्षा में भी प्रथम तीन स्थानों पर आरपीएस के विद्यार्थियों का पूरी तरह कब्जा रहा। समूह में प्रथम स्थान पर दिव्या यादव, अदित्री, अवनी यादव, रिद्धिमा यादव और आदित्य वशिष्ठ ने 99.6 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान पाया। समूह में द्वितीय स्थान पर ओनवी, संस्कार सिंगला, हेमांश गोला और देवीक मुदगिल ने 99.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, जबकि तृतीय स्थान पर समर तोमर, दिव्यांश, अविनव, आरोही वैश, वृष्टि, नैतिक गौचर, तनव जैन, अमूल्य बागौतिया और तिक्षा राज यादव ने 99.2 प्रतिशत अंकों के साथ अपनी चमक बिखेरी। विद्यालय की अन्य उपलब्धियों में 64 विद्यार्थियों का 99 प्रतिशत से अधिक व 757 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर पूरे भारत में अपनी प्रतिभा का जलवा बिखेरा वहीं आरपीएस के 493 विद्यार्थियों का विभिन्न विषयों में 100 में से 100 अंक प्राप्त करना एक बड़ी उपलब्धि है।

**-आरपीएस का जेईई एडवांस के लिए क्वालीफाई का सक्सेस रेट 72 प्रतिशत**

जेईई मेन में आरपीएस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जेईई एडवांस के लिए 72 प्रतिशत सक्सेस रेट से क्वालिफाई करवाकर अपना दबदबा बरकरार रखा। आरपीएस समूह के 633 विद्यार्थियों में से 456 विद्यार्थियों ने 72 प्रतिशत की सक्सेस रेट से क्वालीफाई किया। जेईई मेन 2026 में मयंक कुमार 99.957 व भव्य सतिजा ने 99.95 परसेंटाइल हासिल कर संस्थान का मान बढ़ाया। इनके साथ सुमित यादव 99.92, आर्यन श्योराण 99.89 और विनीत कुमार 99.88 परसेंटाइल के साथ टॉप पांच में जगह बनाई।

आरपीएस समूह की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे बच्चों ने अपनी कड़ी मेहनत और अनुशासन से आज यह सिद्ध कर दिया है कि संकल्प यदि दृढ़ हो तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। विशेषकर 12वीं कक्षा में बेटियों का यह ऐतिहासिक प्रदर्शन नारी सशक्तिकरण की एक जीती-जागती मिसाल है। आरपीएस परिवार प्रत्येक विद्यार्थी के उज्ज्वल भविष्य और उनके सपनों को नई उड़ान देने के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहेगा ग्रुप के सीईओ इंजीनियर मनीष राव ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि आरपीएस ग्रुप केवल एक शिक्षण संस्थान नहीं, बल्कि भविष्य के सफल नेतृत्वकर्ताओं को तैयार करने की एक प्रयोगशाला है। हमारे विद्यार्थियों ने न केवल किताबी ज्ञान, बल्कि प्रतियोगी परीक्षाओं में भी अपनी तार्किक क्षमता का उत्कृष्ट परिचय दिया है। 12वीं, 10 वीं और जेईई के यह परिणाम हमारी आधुनिक शिक्षण पद्धतियों और शिक्षकों के अथक प्रयासों का ही मधुर फल हैं। ग्रुप के डिप्टी सीईओ कुनाल राव ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि यह गौरवपूर्ण उपलब्धि विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के आपसी सहयोग और अटूट विश्वास का परिणाम है। 12वीं कक्षा के परिणामों ने जिस प्रकार से शैक्षणिक मानकों को नया शिखर दिया है, वह आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा। आरपीएस समूह निरंतर नवाचार और तकनीक के साथ शिक्षा के स्तर को और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाने का प्रयास करता रहेगा। (ADVT.)





## खबर संक्षेप

### कुवि ने घोषित किए 16 परीक्षाओं के परिणाम

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की परीक्षा शाखा द्वारा 16 परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि घोषित परिणामों में दिसंबर-2025 में आयोजित बी.एससी (प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी) प्रथम सेमेस्टर (फ्रेश/री-अपीयर), बीएफए पांचवां सेमेस्टर (री-अपीयर) (सीबीसीएस), बीएएलएलबी (ऑनर्स) तृतीय, पंचम व सप्तम सेमेस्टर, बी.एससी/बी.एड तृतीय सेमेस्टर (फ्रेश), एमए (समाजशास्त्र) द्वितीय सेमेस्टर, एमए (समाजशास्त्र) चतुर्थ सेमेस्टर, बीटेक (इलेक्ट्रिकल एंड इंस्ट्रूमेंटेशनल) छठा, सातवां एवं आठवां सेमेस्टर, बी.एससी तृतीय सेमेस्टर एनईपी, बीटीएम तृतीय सेमेस्टर (री-अपीयर) एनईपी, बीटीएम चतुर्थ सेमेस्टर (री-अपीयर) एनईपी, बीटीएम पंचम सेमेस्टर (री-अपीयर) तथा एम.ए. बिजनेस इकोनॉमिक्स (री-अपीयर) तृतीय सेमेस्टर परीक्षाओं के परिणाम शामिल हैं।

### बाइक सवार दो लड़कों ने युवक से छीना मोबाइल

**यमुनानगर।** यमुनानगर के गांव बलौली में बाइक सवार दो युवकों ने एक युवक से मोबाइल छीन लिया। छीना-झपटी के दौरान युवक नीचे गिरकर घायल हो गया। पीड़ित विकास ने पुलिस को बताया कि वह रात करीब साढ़े आठ बजे गांव में जा रहा था और हाथ में मोबाइल पकड़ा हुआ था। तभी बाइक सवार दो युवक आए और मोबाइल झपट लिया। मोबाइल न छोड़ने पर आरोपी उसे घसीटते हुए दूर तक ले गए। बाद में आरोपी मोबाइल लेकर फरार हो गए। मोबाइल कवर में 1500 रुपये भी रखे थे। छछरौली थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### महिला से मारपीट व जाति सूचक शब्द कहने का आरोप

**यमुनानगर।** यमुनानगर के गांव हरनौल निवासी मूर्ति देवी ने गांव के ही तीन लोगों पर मारपीट और जातिसूचक शब्द कहने का आरोप लगाया है। शिकायत के अनुसार तीन मई की शाम गांव में किसी बात को लेकर नंदलाल से कहासुनी हुई, जिसके बाद नंदलाल, उसकी पत्नी रेखा देवी और बेटे पर्वजीत ने कथित तौर पर उसके साथ मारपीट की। शोर सुनकर लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

### किशोरी से दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**यमुनानगर।** थाना छप्पर पुलिस ने 13 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसकी 13 वर्षीय नाबालिग लड़की जो सरकारी स्कूल सरस्वती नगर में नौवीं में पढ़ती है। 11 मई को लड़की स्कूल में नहीं गई। पूछा तो उसने बताया कि कांहड़ी कलां निवासी कुनाल ने बिना उसकी मर्जी से गलत काम किया है।

यमुनानगर की पीएनडीटी टीम ने देवबंद में की छापेमारी

## 60 हजार में जुड़वां बच्चों का लिंग बताने वाला डॉक्टर गिरफ्तार

- डिकॉय महिला बनाकर कराया भ्रूण लिंग जांच में खुलासा
- पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन समेत कई उपकरण बरामद महिला सहयोगी भी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

यमुनानगर की पीएनडीटी की टीम ने उत्तर प्रदेश के जिला सहारनपुर के देवबंद में छापामारी कर लिंग जांच करते हुए डॉक्टर व एक महिला को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी डॉक्टर डिकॉय महिला को 60 हजार रुपये में जुड़वा बच्चों का लिंग बता रहा था। टीम ने मौके से डॉक्टर के पास ग्राहक को लेकर जाने वाली एक महिला को भी काबू किया है। टीम ने मौके से पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, टैबलेट व अन्य उपकरण कब्जे में लिए हैं। यमुनानगर की पुलिस टीम ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। यमुनानगर के पीएनडीटी इंचार्ज डॉ. विपिन गोंदवाल ने बताया कि उसे सूचना मिली थी कि सहारनपुर के देवबंद में अल्ट्रासाउंड सेंटर की आड़ में भूरण लिंग जांच का खेल चल रहा है। सूचना मिलते ही टीम का गठन किया गया। जिसमें डॉ. संदीप, कर्मचारी नितीश और अरविंद को शामिल किया गया। इसके बाद टीम ने एक डिकॉय महिला को ग्राहक बनाकर जाल बिछाया। वीरवार को महिला को देवबंद भेजा गया।



यमुनानगर। पुलिस थाने में गिरफ्तार किए गए आरोपियों को लेकर जाती टीम व कार्रवाई करती स्वास्थ्य विभाग की टीम। फोटो : हरिभूमि

### पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन व अन्य उपकरण कब्जे में लिए


डिकॉय महिला ने कथित डॉक्टर अजाम से संपर्क कर भ्रूण लिंग जांच कराई। आरोप है कि डॉक्टर ने 30 हजार रुपये लेकर जुड़वा बच्चों में पहले बच्चे को लड़की बताया और दूसरे बच्चे का लिंग बताने के लिए फिर 30 हजार रुपये मांगे। रकम मिलने पर दूसरे बच्चे को लड़का बताया। तय इशारा मिलते ही पीएनडीटी टीम ने दबिश देकर आरोपी डॉक्टर अजीम और ग्राहक लाने वाली महिला बीना उर्फ सुमन को गिरफ्तार कर लिया। टीम ने मौके से पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन, टैबलेट व अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण कब्जे में लिए। दोनों आरोपियों के खिलाफ यमुनानगर पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## यूएसः स्टोर पर लूट करने आए बदमाश को कुरुक्षेत्र के युवक ने धर दबोचा


- कैलिफोर्निया के स्टोर में घुसे बदमाश से भिड़ा पिहोवा का रविंदर सिंह
- बाहर से स्टोर लॉक कर पुलिस को दी सूचना, वीडियो भी आया सामने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र के युवक ने अमेरिका में लूट करने आए एक बदमाश को पकड़ लिया। बदमाश गन लेकर स्टोर में घुसा और युवक पर तान दी। इसके बाद कैश काउंटर की ओर ले जाने लगा। इसी दौरान युवक हिम्मत दिखाते हुए बदमाश से भिड़ गया। युवक का हौंसला देख बदमाश वहां से भागने लगा। मगर, युवक ने उसे थप्पड़-मुक्के मार जमीन पर गिरा दिया और स्टोर बाहर से बंद कर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही अमेरिकी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बदमाश को काबू कर लिया। घटना अमेरिका के कैलिफोर्निया शहर के डाउन टाउन एरिया की है। युवक ने इसका वीडियो भी शेयर किया है, जिसमें बदमाश को पुलिस काबू करती दिखाई दे रही है। बदमाश को पकड़ने वाला युवक रविंदर सिंह कुरुक्षेत्र जिला के उपमंडल पिहोवा के इस्हाक गांव का रहने वाला है। वह करीब 5 साल पहले अमेरिका गया था। अमेरिका पहुंचने में उसे तकरीबन एक साल का समय लगा। इसके बाद 2 साल उसने कैंप में काटे। कैंप से निकलने के बाद उसने कुछ समय इधर-उधर काम किया। इसके बाद रविंद्र ने अपना और कुछ अमेरिका में रहकर इकट्ठा किए गए बजट से डाउन टाउन एरिया में अपना स्टोर खोला। यह स्टोर उसने हाल फिलहाल में खोला है। गुरुवार को रविंदर सिंह अपने स्टोर पर अकेला था। बदमाश ने आते ही उस पर गन तान दी। हालांकि उसके पास भी सेफ्टी के तौर पर गन है। मगर, बदमाश ने उसे गन निकालने का टाइम तक नहीं दिया। डरा-धमका बदमाश उसे कैश काउंटर की तरफ ले आया। यहां बदमाश उसके काउंटर से कैश निकालने लगा। तभी रविंदर ने साहस दिखाते हुए उस पर हमला कर दिया। उसने बदमाश को थप्पड़ मारा और सिर में मुक्के मारे। इसके बाद बदमाश डर गया और नीचे गिर गया। वह मौका देखकर स्टोर से बाहर आ गया और बाहर से लॉक कर दिया। तुरंत पुलिस को सूचना दी। कुछ देर बाद पुलिस मौके पर पहुंचे और बदमाश को काबू करके अपने साथ ले गई।



रविंदर सिंह



कुरुक्षेत्र। अमेरिका में पुलिस द्वारा पकड़ा गया बदमाश। फोटो : हरिभूमि

## श्री सीमेंट ग्राइंडिंग यूनिट पर पर्यावरण क्षतिपूर्ति लगाने की तैयारी, एनजीटी में पेश हुई रिपोर्ट

**धूल नियंत्रण और दिशा-निर्देशों की अनदेखी पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी**

- प्रदूषण मानकों की अनदेखी पर यूनिट को पहले ही कारण बताओ नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत स्थित श्री सीमेंट ग्राइंडिंग यूनिट पर प्रदूषण फैलाने और पर्यावरण मानकों की अनदेखी के आरोपों के बीच नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) में चल रहे मामले में हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एचएसपीसीबी) ने अपनी ताजा रिपोर्ट पेश की है। रिपोर्ट में बताया गया है कि बोर्ड ने इकाई पर पर्यावरण क्षतिपूर्ति (ईसी) लगाने के लिए पर्यावरण मुआवजा सलाहकार समिति (ईसीएसी) को सिफारिश भेज दी है। साथ ही केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, निरीक्षण में पाया गया कि यूनिट ने प्रदूषण नियंत्रण मानकों का पालन नहीं किया। सीमेंट और राख के भंडारण क्षेत्रों में भारी धूल उड़ती मिली, जबकि ट्रक पार्किंग और लोडिंग एरिया में धूल नियंत्रण के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे। इसके चलते बोर्ड ने पहले ही कारण बताओ नोटिस जारी किया था। एनजीटी ने पूर्व सुनवाई में कार्रवाई न होने पर नाराजगी जताई थी, जिसके बाद यूनिट से जवाब तलब किया गया। संतोषजनक जवाब न मिलने पर अब जल, वायु और पर्यावरण संरक्षण अधिनियमों के तहत कड़ी कानूनी कार्रवाई और भारी जुर्माने की चेतावनी दी गई है। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में उल्लंघन जारी रहने पर यूनिट को बंद करने की प्रक्रिया भी शुरू की जा सकती है। फिलहाल अनुपालन रिपोर्ट की समीक्षा की जा रही है।

### कुरुक्षेत्रः सड़क हादसे में किसान की मौत

**कुरुक्षेत्र।** पिहोवा के ढांड रोड पर सड़क हादसे में बाइक सवार किसान सुरेंद्र सिंह की मौत हो गई। गांव बटेड़ी निवासी 44 वर्षीय सुरेंद्र अपने जीजा रिशपाल सिंह के साथ खेतों की ओर जा रहा था। अरनैचा नहर पुल के पास तेज रफ्तार कार ने स्कूटी को ओवरटेक करते हुए सुरेंद्र की बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में सुरेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया।

राहगीरों की सूचना पर उसे सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने कार नंबर के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सुरेंद्र के अपनी और अपने जीजा की जमीन को ठेके लेकर खेती करता था।



### पेट्रोल एवं ऊर्जा संरक्षण के लिए कुवि के वीसी प्रो. सचदेवा पैदल पहुंचे कार्यालय

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में ऊर्जा संरक्षण को लेकर सकारात्मक पहल देखने को मिली। कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा अपने निवास से कार्यालय तक पैदल पहुंचे। उन्होंने कहा कि पेट्रोल-डीजल की बचत और पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी को छोटे-छोटे कदम उठाने चाहिए, जैसे पैदल चलना और साइकिल का उपयोग करना। उन्होंने विश्वविद्यालय परिवार से प्रधानमंत्री के ऊर्जा बचत संदेश को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। कुलसचिव प्रो. वीरेंद्र पाल भी पैदल कार्यालय पहुंचे और कहा कि ऐसी आदतें स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देती हैं। इस अवसर पर कई अधिकारी और शिक्षक भी मौजूद रहे और पहल की सराहना की।

### बांके बिहारी मंदिर से चेन चोरी करने वाले पकड़ा

**कुरुक्षेत्र।** अंबाला पुलिस की सीआईए-2 टीम ने बांके बिहारी मंदिर में श्रद्धालुओं की सोने की चेन चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मेरठ निवासी संदीप और पंजाब के फिल्लौर निवासी दीपक कुमार को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब 5 लाख रुपये मूल्य की चार सोने की चेन बरामद की हैं। आरोपियों ने 29 अप्रैल को मंदिर में धार्मिक कार्यक्रम के दौरान वारदात को अंजाम दिया था। गिरोह के सदस्य प्रसाद बांटने और भीड़ जुटाने का नाटक कर श्रद्धालुओं का ध्यान भटकाते थे। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी पहले भी बुलंदशहर में ऐसी वारदातें कर चुके हैं। जांच में खुलासा हुआ है कि पकड़े गए आरोपी पेशेवर अपराधी हैं।

श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ

*आधुनिक तकनीक से चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान को मिलेगा बढ़ावा*

## प्लास्टिनेशन तकनीक से मानव अंग लंबे समय तक सुरक्षित रखना संभव : प्रो. धीमान

- विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान व स्किल निखारने पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि प्लास्टिनेशन तकनीक चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में उभरती हुई आधुनिक एवं प्रभावी वैज्ञानिक पद्धति है। इस तकनीक के माध्यम से मानव शरीर के अंगों और संरचनाओं को लंबे समय तक सुरक्षित रखकर विद्यार्थियों को व्यावहारिक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा सकती है। वे शुक्रवार को श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के रचना शरीर विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में संबोधित कर रहे थे। कुलपति प्रो. धीमान ने कहा कि यह प्लास्टिनेशन तकनीक एक बेहतरीन पद्धति है और कार्यशाला में देश के अनुभवी विशेषज्ञ एवं प्रशिक्षक पहुंचे हैं, जिससे विद्यार्थियों और शिक्षकों को सीखने का अच्छा अवसर मिलेगा।

उन्होंने कहा कि ज्ञान का उपयोग सदैव विद्यार्थियों की सुविधा और बेहतर शिक्षा के लिए होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जीवन में ऐसे अवसर कभी-कभी मिलते हैं, इसलिए प्रतिभागियों को कार्यशाला में खुले मन से चर्चा और सीखने की भावना के साथ भाग लेना चाहिए। कुलपति ने कहा कि कुरुक्षेत्र गीता की पावन भूमि है और गीता मानव जीवन को सही दिशा देने का संदेश देती है। गीता के विचारों को जीवन में सतत ग्रहण करना चाहिए। यह भूमि प्रेरणा देने वाली है और कार्यशाला में आए प्रतिभागी यहां से नई प्रेरणा लेकर जाएंगे।



कुरुक्षेत्र। समारोह का शुभारंभ करते श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### छात्रों को अपनी स्किल को निरंतर निखारते रहना चाहिएः कुलसचिव डॉ. गुप्ता

कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने कहा कि विद्यार्थियों को अपनी स्किल को निरंतर निखारते रहना चाहिए। विश्वविद्यालय के सभी विभागों को इस प्रकार की कार्यशालाएं नियमित रूप से आयोजित करनी चाहिए, ताकि विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान और आधुनिक तकनीकों की बेहतर समझ मिल सके। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से भावी चिकित्सक अधिक सक्षम, कुशल और आत्मविश्वासी बनकर निकलेंगे। कार्यक्रम संयोजक प्रो. सतीश कुमार वत्स ने बताया कि कार्यशाला क्लिनिकल एजुकेशन में आधुनिक प्लास्टिनेशन तकनीक के माध्यम से ट्रांसलेशनल रिसर्च को सशक्त बनाना विषय पर आयोजित की जा रही है। इसमें आधुनिक प्लास्टिनेशन तकनीक और चिकित्सा शिक्षा में उसके उपयोग पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

## केयू एमबीए के 5 विद्यार्थी वृंदा ग्लोबल कंसल्टेंसी में चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के एमबीए के 5 विद्यार्थियों का चयन प्रतिष्ठित कंपनी वृंदा ग्लोबल कंसल्टेंसी में हुआ है। केयू प्रशिक्षण, प्रशिक्षुता एवं रोजगार केन्द्र की ओर से आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में कंपनी द्वारा एमबीए की श्रेया, सिमरन तंवर, गरिमा, ध्वनि व परनीत कौर का चयन किया गया है। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने चयनित छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कुवि कुलसचिव प्रो. वीरेन्द्र पाल ने भी चयनित छात्राओं को बधाई देते हुए प्रसन्नता प्रकट की। प्लेसमेंट ड्राइव में ऑनलाइन प्रेजेंटेशन के माध्यम से विद्यार्थियों को कंपनी के बारे में जानकारी प्रदान करने बाद साक्षात्कार के माध्यम से विद्यार्थियों को शॉर्टलिस्ट किया गया जिसके बाद अंतिम रूप से 5 छात्राओं का चयन किया गया। चयनित विद्यार्थियों को 4 लाख रुपये का वार्षिक पैकेज प्रदान किया जाएगा। कंपनी के प्रतिनिधियों में एचआर मैनेजर प्राची और सीनियर मैनेजर रणजीत सिंह शामिल थे। केंद्र के कोऑर्डिनेटर डॉ मोहिंदर सिंह ने बताया कि भविष्य में भी ऐसे प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन निरंतर किया जाता रहेगा, ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित संस्थानों में अवसर प्राप्त हो सके। चयन प्रक्रिया के दौरान विद्यार्थियों की संप्रेषण क्षमता, विषय ज्ञान एवं पेशेवर कौशल का गहनता से मूल्यांकन किया गया। इस मौके पर केयू डीन एकडेमिक अफेयर्स प्रो. राकेश कुमार, यूएसएम चेयरमैन प्रो. अनिल मित्तल, आईएमएस डायरेक्टर प्रो. सिद्धार्थ भारद्वाज ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## खबर संक्षेप



### घंटाकर्ण महावीर देवता के कृपा दिवस पर भक्ति संगम

**करनाल।** महाप्रभावी श्री घंटाकर्ण महावीर देवता के विशेष कृपा दिवस कृष्ण चौदस के अवसर पर घंटाकर्ण महावीर तीर्थस्थान, इंद्री रोड पर भक्ति संगम का आयोजन भक्तिभावनापूर्वक किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक बीजमंत्र जाप से हुई, जिसमें सभी के मंगल और कल्याण की कामना की गई। मुनि संयमेश, साध्वी जागृति, पुष्पा गोयल, जयपाल सिंह, सरिता जैन, पवन जैन और महेंद्र पाल ने सुमधुर भक्ति गीत प्रस्तुत किए। उपप्रवर्तक पीयूष मुनि जी महाराज ने बताया कि भक्ति परमात्मा और दिव्य शक्तियों की कृपा रूपी ऊर्जा पाने का सर्वोत्तम और सबसे उपयोगी माध्यम है। उन्होंने कहा कि निष्काम भक्ति अधिक फलदायिनी होती है। जैसे माता अपने संतान पर वात्सल्य भाव रखती हैं, वैसे ही दैवी शक्तियां अपने भक्तों को निहाल करती हैं।

### विधायक ने जनसमस्याएं सुनीं, निर्देश दिए



**करनाल।** विधायक जगमोहन आनंद ने शुक्रवार सुबह सेक्टर-13 स्थित अपने कैंप कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान विधानसभा क्षेत्र से पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में नागरिक पहुंचे और उन्होंने निजी व सामूहिक समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं। विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक उनके परिवार का हिस्सा है और लोगों के सुख-दुख में सहभागी बनना उनका कर्तव्य है। विधायक ने कहा कि जनता का विश्वास ही जनप्रतिनिधि की सबसे बड़ी शक्ति है, जो उन्हें निरंतर जनसेवा के लिए प्रेरित करता है।

### युवाओं को मिला विभागीय प्रशिक्षण

**करनाल।** मेरा युवा भारत करनाल की जिला युवा अधिकारी अंजली चौधरी ने बताया कि खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग हरियाणा सरकार द्वारा माय भारत पोर्टल के माध्यम से 11 से 15 मई तक पांच दिवसीय अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पांच युवाओं ने भाग लेकर विभागीय कार्यप्रणाली का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रतिभागियों को किसानों के पंजीकरण, गेट पास प्रणाली, मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल, मंडी संचालन, खाद्यान्न खरीद प्रक्रिया, एफसीआई और हैफेड की कार्यप्रणाली सहित विभिन्न विषयों की जानकारी दी गई।प्रतिभागियों को मंडियों और गोदामों का फील्ड विजिट भी करवाया गया।

## विधायक ने छात्रों को स्वावलंबी बनाने के प्रयासों की सराहना की

# उद्यम शिक्षा-संवाद कार्यक्रम में उद्योग और शिक्षा का सेतु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

- नव चेतना मंच के तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन

नव चेतना मंच के तत्वावधान में करनाल क्लब में आज उद्यम शिक्षा-संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उद्योगों की वर्तमान मांग और कॉलेज पाठ्यक्रम के बीच के अंतर को कम करने के लिए विचार-विमर्श करना था।



**करनाल।** उद्यम शिक्षा-संवाद कार्यक्रम के दौरान उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए विधायक जगमोहन आनंद।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक जगमोहन आनंद ने की। उन्होंने नव चेतना मंच के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उद्योगों और कॉलेजों के बीच समन्वय स्थापित करना आज समय की सबसे बड़ी जरूरत है। संस्था के चेयरमैन एस.पी. चौहान ने बताया कि पिछले एक वर्ष में नव चेतना मंच ने 200 विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देकर स्वावलंबी बनाया है। विद्यार्थियों द्वारा निर्मित हैंडीक्राफ्ट उत्पादों का भी प्रदर्शनी में प्रदर्शन किया गया। संस्था के सहयोग से आठ कॉलेजों में स्टार्टअप सेंटर शुरू किए गए हैं।

कार्यक्रम में एमएसएमई के कमिश्नर संजीव चावला ने सरकार की स्टार्टअप योजनाओं और उद्योगों को मिलने वाली सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी। हरियाणा चैंबर ऑफ कॉमर्स के चेयरमैन सुशील जैन ने संस्था को हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। सागा म्यूजिक के चेयरमैन गुरबख्श सिंह ने कॉलेजों में वीडियो चैनल शुरू करने का प्रस्ताव रखा। सागा म्यूजिक वर्तमान में हरियाणा के तीन कॉलेजों में रेडियो चैनल का सफल संचालन कर रही है। बैठक में सर्वसम्मति से उद्योग और कॉलेज प्रतिनिधियों की एक संयुक्त कमेटी बनाने का प्रस्ताव पारित किया गया। यह कमेटी उद्योगों की मांग के अनुरूप कॉलेजों में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने में मदद करेगी।

बैठक में पंजाब नेशनल बैंक से संजीव राठौर और हरीश खरबंदा ने बैंक द्वारा दी जा रही कौशल प्रशिक्षण योजनाओं और स्टार्टअप के लिए प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करने की प्रक्रिया की जानकारी दी। प्रसिद्ध उद्योगपति विजय सेठिया और श्री भूषण गोयल ने विद्यार्थियों को अपनी इकाइयों में इंटर्नशिप देने की घोषणा की। बैठक में घनश्याम गुप्ता, मनोज अरोड़ा, भीम राणा, संजीव मक्कड़, आशीष गुप्ता, पंकज गोयल सहित अन्य उद्योगपति उपस्थित रहे।

### शैक्षणिक संस्थानों की भागीदारी

डीएवी गर्ल्स कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. मीनू शर्मा, खालसा कॉलेज के गुरिंदर सिंह, देवी भूषण शर्मा, गवर्नमेंट वुमन कॉलेज के विवेक रंगा, चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी से डॉ. अनुराग वर्मा, सरकार भारती से पवन जोगी और बीर सिंह, हार्टफुलनेस संस्था से अतुल जैन, एजुमैपिंग कंपनी से संजय और अभिनव।

# मांगें पूरी नहीं हुई तो एक जुलाई से फिर हड़ताल : सर्व कर्मचारी संघ

- कर्मचारियों को पक्का करने की अधिसूचना जल्द जारी करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

सर्व कर्मचारी संघ ने सरकार से मांग की है कि सफाई और फायर कर्मचारियों की जिन मांगों पर सहमति बनी है, उनकी अधिसूचना तय समय सीमा में जारी की जाए।

हुडा कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में जिला सचिव सेवाराम बड़सर ने कहा कि सफाई कर्मचारियों ने 14 दिन की हड़ताल सरकार से सहमति बनने के बाद समाप्त की है, जबकि फायर कर्मचारियों की हड़ताल भी बीते रोज खत्म हुई है।




उन्होंने कहा कि सरकार ने कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने का आश्वासन दिया है और इसके लिए 30 जून तक का समय मांगा गया है। सर्व कर्मचारी संघ ने मांग की कि सरकार जल्द अधिसूचना जारी कर कर्मचारियों की मांगें लागू करे।

सेवाराम बड़सर ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने समझौता तोड़ा और तय समय तक मांगें लागू नहीं कीं तो कर्मचारी एक जुलाई से राज्य स्तरीय हड़ताल शुरू करेंगे। हालांकि कर्मचारी नेताओं ने उम्मीद जताई कि सरकार अपना वादा निभाएगी।

प्रेसवार्ता में कर्मचारी संगठनों द्वारा हड़ताल का समर्थन करने पर उनका आभार भी जताया गया। इस अवसर पर लाभ सिंह आर्य, शारदा, राजपाल, रामकुमार कश्यप, संदीप त्यागी, धर्मबीर, कपिल आर्य, ओमप्रकाश सिहमार, राम सिंह और सियानंद प्रोचा मौजूद रहे।

# को-ऑपरेटिव समितियों की कार्यप्रणाली की समीक्षा

**करनाल।** अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. राहुल रईया की अध्यक्षता में आज एडीसी कार्यालय में डिस्ट्रिक्ट को-ऑपरेटिव डेवलपमेंट कमेटी की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त ने को-ऑपरेटिव सोसाइटी और डेवलपमेंट कमेटी द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यों और चलाई जा रही योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले की सभी प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों (पैक्स) की ऑडिट रिपोर्ट समय पर बनवाना सुनिश्चित किया जाए। डॉ. रईया ने कहा कि कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही तय करने के लिए ऑडिट रिपोर्ट का समय पर तैयार होना बेहद जरूरी है। बैठक में एडीसी ने सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समितियों को निर्देश दिए कि जिन पैक्स में कॉमन सर्विस सेंटर चल रहे हैं, वहां सूचनात्मक साइनबोर्ड और सेवाओं की रेट लिस्ट तुरंत लगाई जाए, ताकि आम जनता को इन सीएससी सेंटरों की सेवाओं के बारे में पूरी जानकारी मिल सके। उपस्थित अधिकारी: एआरसीएस अदिति संगर, को-ऑपरेटिव सोसायटी की जीएम शीतल पन्नू, नाबार्ड के डीडीएम हिमांशु खत्री, पशुपालन विभाग से डॉ. रूपिंदर।



# विधायक कश्यप पर्यावरण एवं प्रदूषण समिति के अध्यक्ष बने

**इंद्री।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण द्वारा विधानसभा की विभिन्न समितियों का गठन किया गया है। इसी कड़ी में विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप को विधानसभा की पर्यावरण एवं प्रदूषण विषय समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप राम कुमार कश्यप ने बताया कि विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण द्वारा विधानसभा के तहत 16 समितियों का गठन किया गया है, जिनमें से उन्हें पर्यावरण एवं प्रदूषण विषय समिति के अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस जिम्मेदारी के लिये उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल व विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण का आभार व्यक्त किया है। विधायक ने बताया कि पर्यावरण एवं प्रदूषण विषय समिति राज्य में पर्यावरणीय समस्याओं का अध्ययन और प्रदूषण जैसे जल, वायु, ध्वनि की जांच करना और उनके निवारण के लिए उपाय सुझाना है। यह समिति औद्योगिक प्रतिष्ठानों के पर्यावरणीय कार्यों की निगरानी, नीतिगत सुधारों के लिए सिफारिशें और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए कार्य करती है। समिति द्वारा पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए योजनाओं और नीतियों के निर्माण में सहयोग करती है तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए सेमिनार, कार्यशालाएं और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करवाए जाते हैं। उन्होंने बताया कि यह समिति विकास परियोजनाओं को मंजूरी देने का कार्य करती है तथा पर्यावरणीय कानूनों के अनुपालन की समीक्षा भी करती है। उन्होने कहा कि पर्यावरण संतुलन तथा प्रदूषण की समस्या वर्तमान समय की बड़ी चुनौतियों में से एक है।

# उषा गुप्ता के निधन पर शोक व्यक्त करने पहुंचीं सीएम की पत्नी सुमन

- 24 मई को अनमोल गार्डन में आयोजित होगी प्रार्थना सभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

महापौर रेणु बाला गुप्ता की जेठानी तथा भाजपा के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता की ज्येष्ठ भाभी स्वर्गीय श्रीमती उषा गुप्ता के निधन पर शोक संवेदनाएं व्यक्त करने वालों का लगातार तांता लगा हुआ है। राजनीतिक, सामाजिक और प्रशासनिक क्षेत्रों से जुड़े लोग शोकाकुल परिवार को सांत्वना देने पहुंच रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी चौधरी कॉलोनी स्थित निवास पर पहुंचीं। सुमन सैनी ने दिवंगत उषा गुप्ता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर परिवारजनों से मुलाकात की और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की ओर से भी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में पूरा समाज गुप्ता परिवार के साथ खड़ा है।



इस दौरान अन्य आगंतुकों ने भी उषा गुप्ता के सरल, मिलनसार और धार्मिक व्यक्तित्व को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

## श्री कृष्ण गऊशाला में मनाया गया स्वामी ज्ञानानंद का प्रकट उत्सव

# श्रद्धालुओं ने दी बधाइयां, गो सेवकों का सम्मान

- गोशाला में परिक्रमा कर गायों की आरती उतारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज का प्रकट उत्सव श्री कृष्ण गऊशाला में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। महिलाओं ने कीर्तन कर स्वामी जी को बधाइयां दीं और उनकी दीर्घायु की कामना की।

गऊशाला पहुंचने पर स्वामी ज्ञानानंद जी का प्रधान सुनील गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. एसके गोयल, महासचिव रामकुमार गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारियों और सदस्यों ने स्वागत किया। स्वामी जी ने श्रद्धालुओं में केक का प्रसाद वितरित किया और गौशाला में परिक्रमा कर गायों की आरती उतारी। साथ ही गायों को चारा और लड्डू खिलाकर सेवा कार्य किया। स्वामी ज्ञानानंद जी ने अपने संदेश में कहा कि गीता का अध्ययन जीवन को सार्थक बनाता है। उन्होंने लोगों से स्वयं गीता पाठ करने और बच्चों को भी इसकी शिक्षा देने का आह्वान किया। इस अवसर पर गौ सेवकों का विशेष सम्मान भी किया गया। गौशाला प्रधान सुनील गुप्ता ने बताया कि गौशाला में स्थापित चिकित्सालय में गौवंश का निशुल्क उपचार किया जा रहा है और अन्य गौशालाओं से भी बीमार व घायल गौवंश उपचार के लिए यहां लाए जाते हैं।



### ये रहे मौजूद

इस दौरान पदमसेन गुप्ता, बलबीर लाठर, दुलियाराम शर्मा, संजय बत्तरा, घनश्याम गोयल, प्रवीण गोयल, आशीष गुप्ता, अजय सैनी, गुरदयाल अग्रवाल, विवेक अग्रवाल और विकास बंसल सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

### संगीत और फ्लेवर किया रियल टाइम में प्रस्तुत

**करनाल।** ब्लेंडर्स प्राइड पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर ने ब्लेंडर्स प्राइड रिज़र्व्ड एक्सपीरियंसेज़' नामक नए सांस्कृतिक मंच की शुरुआत की है। इसका उद्देश्य फ्लेवर को केवल स्वाद तक सीमित न रखते हुए इसे सभी इंद्रियों से अनुभव करने योग्य बनाना है। कार्यक्रम में शेफ कुणाल कपूर के सहयोग से एक निजी और एक्सक्लूसिव प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण एक लाइव गैस्ट्रो-परफॉर्मेंस था, जिसमें संगीत और फ्लेवर को रियल टाइम में प्रस्तुत किया गया। इस आयोजन की खास बात यह रही कि फ्लेवर को केवल स्वाद तक सीमित नहीं रखा गया, बल्कि उसे विभिन्न इमर्सिव स्पेस के जरिए अलग-अलग रूपों में प्रस्तुत किया गया। कपूर ने कहा, "फ्लेवर कई परतों और अनुभवों से बना होता है। 'रिज़र्व्ड एक्सपीरियंसेज़' के जरिए हमने इसे प्लेट से आगे ले जाकर अलग-अलग रूपों में प्रस्तुत किया।

## न्यूज डायरी

### रीत ने 96.4 अंक प्राप्त कर किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



छात्रा रीत अपनी माता मानसी व अशोक चावला के साथ।

**तरावड़ी।** गीता पब्लिक मॉडर्न स्कूल की छात्रा रीट ने 96.4 अंक प्राप्त कर विद्यालय में तीसरा स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधन द्वारा उसे सम्मानित ज़िया गया। रीत के माता-पिता अशोक चावला व मानसी चावला ने बताया कि उनकी बेटी ने शुरू से ही पढ़ाई में मेहनत और लगन दिखाई, जिसका परिणाम आज सामने है। रीत ने कहा कि मैंने पूरे मन से पढ़ाई की और आगे भी इसी तरह मेहनत जारी रखूंगी। मेरा लक्ष्य है कि मैं अपने माता-पिता के सपनों ज़े पूरा करूं।

### गीता पब्लिक मॉडर्न स्कूल की टॉपर रही भव्या वर्मा

**तरावड़ी।** गीता पब्लिक मॉडर्न स्कूल, तरावड़ी ज़ 10+2 परीक्षा परिणाम इस वर्ष भी शानदार रहा। विद्यालय की छात्रा भाव्या वर्मा ने 494 अंक (98.8त्न) प्राप्त कर न केवल स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया व करनाल में प्रथम स्थान प्राप्त कर गौरव बढ़ाया। इस उपलब्धि पर विद्यालय में भव्य समारोह आयोजित कर भाव्या को फूल मालाओं से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भाव्या वर्मा ने अपनी सफलता ज़ श्रेय अपने माता-पिता प्रमोद वर्मा व कमलेश वर्मा तथा विद्यालय के शिक्षज़ें ज़े दिया। भाव्या ने कहा कि मेरे माता-पिता और शिक्षकों ने हमेशा मुझे प्रेरित किया।

### आकांक्षा बनी स्कूल की सेकेंड टॉपर

**तरावड़ी।** गीता पब्लिक मॉडर्न स्कूल की छात्रा आकांक्षा ने 97त्न अंक प्राप्त कर विद्यालय में दूसरा स्थान हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि पर स्कूल में आयोजित समारोह में उन्हें सम्मानित किया गया। आकांक्षा के पिता केशकली व माता संतोष तिवारी ने बताया कि उनकी बेटी शुरू से ही पढ़ाई के प्रति बेहद समर्पित रही है और कई बार देर रात तक पढ़ाई करती थी।

### तखाना का दसवीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत



**तरावड़ी।** राजकीय उच्च विद्यालय तखाना के बच्चे अपनी खुशी का इजहार करते साथ मे स्कूल स्टाफ।

**तरावड़ी।** राजकीय उच्च विद्यालय, तखाना, तरावड़ी के विद्यार्थियों ने इस वर्ष कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा में अपनी सफलता का परचम लहराया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत (100त्न) रहा। कक्षा के सभी 69 विद्यार्थियों ने इस परीक्षा को शानदार अंकों के साथ उत्तीर्ण कर न केवल स्कूल का, बल्कि अपने माता-पिता और गाँव का नाम रोशन किया है। मुख्याध्यापिका अनीता राठी ने बताया कि परीक्षा में बैठने वाले सभी 69 विद्यार्थी पास हुए हैं, जिनमें से 42 ने प्रथम श्रेणी हासिल की है। इसके साथ ही, विद्यालय के 8 होनहार विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान बनाकर विशेष गौरव हासिल किया है।

### जिले में लिंगानुपात की स्थिति पर चर्चा की




**करनाल।** जिला में पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए अतिरिक्त उपायुक्त एवं जिला स्थायी समिति के चेयरमेन डॉ. राहुल रईया की अध्यक्षता में गत दिवस लघु सचिवालय के सभागार में जिला समुचित प्राधिकारी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त ने जिले में लिंगानुपात की स्थिति पर चर्चा की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि जलमाना, गगसीना और नीलोखेड़ी के एसडीएम अगली बैठक में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लें। महिला एवं बाल विकास विभाग को कम लिंग अनुपात वाले गांवों की सूची तैयार करने और आंगनवाड़ी वर्कर के माध्यम से जानकारी जुटाने, साथ ही डिकोय के माध्यम से रेड अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। डॉ. रईया ने कहा कि यदि प्रशासन की ओर से किसी भी प्रकार की सहायता की आवश्यकता हो तो विभाग तुरंत संपर्क कर सकता है। बैठक में डॉ. शीनू चौधरी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा कम लिंग अनुपात वाले गांवों में स्कूली बच्चों के माध्यम से रैलियां निकालकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। सिविल सर्जन डॉ. पूनम चौधरी ने जानकारी दी कि अवैध लिंग जांच करने वालों की सूचना देने पर एक लाख रुपये की नकद राशि गुप्त रूप से दी जाएगी और सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

### शिव महापुराण कथा में श्रद्धालु पहुंचने शुरू

**घरौंडा।** सर्व समाज 36 वरादरी ओर से आगामी 17 मई से 23 मई तक घरौंडा की नई अनाज मंडी में भव्य महाशिवपुराण कथा का आयोजन किया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन में सुप्रसिद्ध कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा जी भगवान शिव की महिमा का गुणगान करेंगे। कथा को लेकर क्षेत्र में श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है। पहले आयोजको ने इस भव्य शिव पुराण को बंद करने का बीड़ा उठा दिया था,, बाद में मंडी व 36 बरादरी के गणमान्य लोगो ने इसको अपने हाथो मेंं लिया अब यह समय अनुसार कथा होगी, इसमे लाखो श्रद्धालूओ के आने उम्मीद है। वीरवार को अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान दंडी स्वामी सर्वेश्वर आनंद सरस्वती जी महाराज ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि देशभर में महाशिवपुराण कथाओं का आयोजन किया जाता है जिसका आयोजन अब घरौंडा की पावन धरती पर होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों का मुख्य उद्देश्य विश्व कल्याण और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना है। उन्होंने आगे बताया कि 17 मई से शुरू होने कथा के दौरान भगवान शिव के विभिन्न स्वरूपों और उनकी महिमा का विस्तार से वर्णन किया जाएगा, जिससे श्रद्धालु आध्यात्मिक लाभ प्राप्त कर सकेंगे। आयोजकों ने क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में कथा में पहुंचकर धर्म लाभ लेने की अपील की है। साथ ही उन्होंने बताया कि कथा स्थल पर श्रद्धालुओं पहुंचने शुरू हों गए है उनकी सुविधा के लिए समुचित प्रबंध किए गए के ताकि सभी लोग व्यवस्थित रूप से कथा का श्रवण कर सकें।

### स्वामी ज्ञानानंद ने लिया मां भद्रकाली का आशीर्वाद

**कुरुक्षेत्र।** गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानन्द जी महाराज ने अपने जन्मदिवस के शुभ अवसर पर श्रद्धा एवं भक्ति भाव से माँ भद्रकाली शक्तिपीठ पहुँचकर विधिवत पूजन-अर्चन किया। पिछले वर्षों के भांति ही, इस बार भी महाराजश्री ने माँ भद्रकाली के चरणों में माथा टेककर अपने जन्मोत्सव की शुरूआत की व देश, समाज एवं मानव कल्याण की मंगलकामना की। शक्तिपीठ पहुँचने पर टीम शक्तिपीठ द्वारा उनका पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा ने माँ की पावन चुनरी एवं पुष्पमाला अर्पित कर उनका अभिनंदन किया। महाराजश्री ने मंत्रों के साथ माँ का षोडस पूजन, पंचदीप आरती एवं पुष्प अर्पित कर लाल चुनरी, सिंदूर, नारियल, पंचमेवा व फलों का भोग भी समर्पित किया। इस अवसर पर स्वामी ज्ञानानन्द महाराज ने कहा कि माँ भद्रकाली के चरणों में उपस्थित होकर आशीर्वाद प्राप्त करना उनके जीवन का परम सौभाग्य है। माँ की कृपा से ही जीवन में शक्ति, श्रद्धा एवं आत्मिक शांति प्राप्त होती है। उन्होंने श्रद्धालुओं को उनके जन्मदिवस पर धर्म, सेवा एवं सदाचार के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा ने कहा कि महाराजश्री ने माँ भद्रकाली व भगवान श्री कृष्ण की कृपा से अपना जीवन कुरुक्षेत्र को समर्पित किया है, उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु एवं निरंतर लोककल्याणकारी, आध्यात्मिक एवं प्रेरणादायी जीवन हेतु माँ भद्रकाली जी से मंगलकामना करता हूँ। उन्होंने आगे कहा कि महाराज श्री हमारे कुरुक्षेत्र के धार्मिक - आध्यात्मिक केंद्रों के, साधु - संतों - महंतों के सिरमौर है । इस अवसर पर उपाध्यक्ष डॉ एमके मौदगिल, सेवा प्रमुख देवेंद्र गर्ग, अंकुर मौदगिल, आशीष दीक्षित सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### 31 बालिकाएं कल्पना चावला अवार्ड से सम्मानित

**कुरुक्षेत्र।** नगर की सुप्रसिद्ध समाजसेवी संस्था जन कल्याण मंच ने आज राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, थानेसर में शिक्षा, संस्कार और सस्कृति एवं बालिकाओं के सशक्तिकरण के लिए 31 प्रतिभाशाली छात्राओं को कल्पना चावला अवार्ड से सम्मानित किया। अवार्ड समारोह में राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थानेसर, राजकीय व. माध्यमिक विद्यालय भिवानी खेड़ा, गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र तथा महंत प्रभात पुरी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थानेसर की अपने विद्यालयों में कक्षा में प्रथम आने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया।

## खबर संक्षेप

### युवक का शव मिला हत्या की आशंका

**पानीपत।** पानीपत के गांव जोशी निवासी 26 वर्षीय आकाश पुत्र रामनिवास का शव सड़क किनारे खेत में पड़ा मिला। आकाश कई दिनों से लापता था। इधर, राहगिरों की सूचना पर मतलौडा थाना पुलिस व फॉरेंसिक टीम घटनास्थल पर पहुंची और शव की जांच की। इधर, परिजन भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने जहां आकाश की हत्या की आशंका जताई, वहीं पुलिस ने जांच पूरी कर आकाश के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवा दिया। आकाश की मौत के सही कारण पोस्टमार्टम की रिपोर्ट में पता चलेगे।

### पानीपत से दो किशोर लापता, केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत के अर्जुन नगर निवासी 16 वर्षीय जिगर पुत्र 12 वर्षीय रूपेश चंद्र व अंकित पुत्र राकेश संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए। वहीं, जिगर व अंकित स्कूल के लिए घर से निकले थे, दोनों न तो स्कूल पहुंचे और न ही घर लौटे। इधर, परिजनों की शिकायत पर थाना पुराना औद्योगिक पुलिस ने गुमशुदी को केस दर्ज कर जिगर व अंकित की तलाश शुरू कर दी है।

### जेठ पर लगाया दुष्कर्म करने का आरोप

**पानीपत।** पानीपत जिला निवासी विवाहिता ने अपने जेठ पर उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोप लगाया है। वहीं पुलिस ने जेठ पर केस दर्ज किया है। इधर, पुलिस को दी शिकायत में विवाहिता ने बताया कि विवाह होने के साथ ही जेठ की उपर गंदी नजर थी, मौका लगते ही वह छेडखानी करता था। इधर, पुलिस ने विवाहिता की शिकायत की जांच शुरू कर दी है।

### कुनाल हत्याकांड में तीन आरोपी पकड़े

**पानीपत।** पानीपत के जगदीश नगर निवासी कुनाल की हत्या के मामले में सीआईए थ्री पुलिस ने आरोपियों दुर्गा कॉलोनी निवासी प्रिंस, विद्यानंद कॉलोनी निवासी अतुल और कायबगंज फरूखाबाद यूपी हाल किरायेदार प्रजापति चौक निवासी अभिषेक को गिरफ्तार किया है और फरार आरोपियों की जानकारी लेने के लिए तीनों को कोर्ट में पेश कर तीन दिन के रिमांड पर लिया है। वहीं, थानेदार विजय ने बताया कि कुनाल की हत्या के फरार आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

### सीआईए टू पुलिस ने दो चोर पकड़े

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस ने हुडा सेक्टर 11 में मिठाई की दो दुकानों का शटर उखाड़कर नकदी चोरी करने वाले गिरोह के फरार चल रहे और दो आरोपियों उस्मान व साहेब निवासी शिव नगर को गिरफ्तार किया है। थानेदार वीरेंद्र ने बताया कि मिठाई की दुकानों से चोरी की उक्त वारदात बारे थाना चांदनी बाग में हुडा सेक्टर-12 निवासी राजेंद्र गुप्ता की शिकायत पर केस दर्ज है।

### दो पिस्तौल के साथ आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस ने ऊन मंडी में अजय पुत्र बिट्टू निवासी निवासी कृष्णपुरा को दो देसी पिस्तौल के साथ पकड़ा है। थानेदार वीरेंद्र ने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना औद्योगिक हुडा सेक्टर 29 में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है।

### ऐतिहासिक होगा महर्षि कश्यप जयंती समारोह

**यमुनानगर।** महर्षि कश्यप की जयंती के अवसर पर 24 मई को कैथल की एक्सटेंशन अनाज मंडी में राज्यस्तरीय समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्यातिथि होंगे। उक्त जानकारी इंदरी से भाजपा विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने जिले के दर्जन भर गांव में जनसंपर्क करते हुए दी। कहा कि महर्षि कश्यप की जयंती पर कैथल में आयोजित होने वाला राज्यस्तरीय समारोह ऐतिहासिक होगा। जिसमें प्रदेश भर से सर्व समाज के लाखों लोग भाग लेंगे। उन्होंने समारोह को सफाल बनाने के लिए जगाधरी व खंड प्रताप नगर के गांव चुहड़पुर कलां, मलिकपुर खादर का दौरा कर लोगों को महर्षि कश्यप जयंती समारोह में पहुंचने का निमंत्रण दिया।

### किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी: राजीव

# यमुना नदी में जून के अंत तक लगाए जाएंगे पिलर

पानीपत प्रशासन को निर्देश दिए कि लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करें

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत



पानीपत। उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया, राजस्व अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए। फोटो : हरिभूमि

राजस्व विभाग की लंबित फाइलों और मामलों के त्वरित निस्तारण को लेकर प्रशासन अब पूरी तरह सख्त नजर आ रहा है। मंडल आयुक्त राजीव रतन ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पानीपत के उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया व संबंधी विभागाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली का विस्तृत जायजा लिया। बैठक में विभागीय पेंडेंसी, कोर्ट केस, म्यूटेशन, टोकन पेंडेंसी और यमुना क्षेत्र में लगाए जाने वाले पिलरों के कार्य को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। राजीव ने पानीपत प्रशासन को निर्देश दिए कि लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीसी डॉ. दहिया ने मंडल आयुक्त को आश्वस्त करते हुए कहा कि जिले में बची हुई पेंडेंसी को प्राथमिकता के आधार पर तेजी से निपटाया जाएगा। डीसी ने एसडीएम, तहसीलदार और संबंधित अधिकारियों के साथ अलग से बैठक कर राजस्व विभाग की स्थिति की समीक्षा की। बैठक में सभी लंबित कोर्ट केस, म्यूटेशन और टोकन पेंडेंसी पर तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए गए।

### पाठ्य सामग्री भेंट की

**पानीपत।** एसपी पब्लिक स्कूल, गढ़ी सिवाह में मातृशक्ति के सम्मान में कार्यक्रम हुआ। वहीं, विद्यार्थियों ने माताओं के सम्मान में सुंदर प्रस्तुतियां देकर सबका मन मोह लिया। इस अवसर पर दुर्गा स्माइल फाउंडेशन की प्रधान संजना बजाज, प्रोमिला लठवाल ने तीन सौ जरूरतमंद बच्चों को कॉपियां, पेन और पेंसिल वितरित किए गए। इस अवसर पर प्राचार्या ममता भारद्वाज, बबीता भारद्वाज, अनामिका, पूजा आदि उपस्थित रहे।

### कांग्रेसियों ने बैठक की

**पानीपत।** पानीपत के लाल बत्ती चौक स्थित कांग्रेस भवन में शहरी कांग्रेसियों की बैठक जिलाध्यक्ष सरदार बलजीत सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता वरिंदर शाह, राजकुमार पाहवा, चन्नी खुराना, कुलदीप पूनिया, सुप्रिया रत्तन, बलविंदर माटा, पंकज प्रजापत, धर्मेंद्र बजाज, सोहन लाल शर्मा, चिराग मुटनेजा, अनुभव मित्तल, जेपी गौड़, विकास जैन, सचिन सपड़ा, अश्वनी, ऋतमोहन शर्मा, इंद्रजीत मिढढा, डा. सतीश, राजू चावला, मिंटू सचदेवा, सोनू गंभीर व विकास आदि उपस्थित रहे।



पानीपत। पुलिस कप्तान भूपेंद्र सिंह, नागेश व अरूण को सम्मानित करते हुए।

### लुटेरों से हथियार छीनने वाले दो विक्रेता सम्मानित

**पानीपत।** पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने पेट्रोल पंप पर लूट की कोशिश को नाकाम करने वाले एमएम इंटर प्राइजेज पेट्रोल पंप के सेल्समैन नागेश निवासी गोंडा, उत्तर प्रदेश व अरूण निवासी दिल्ली को अपने कार्यालय में बुलाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर एसपी रीडर सुभाष, थाना औद्योगिक हुडा सेक्टर 29 प्रभारी सुभाष व पीआरओ अनिल कुमार उपस्थित रहे। वहीं, पीआरओ अनिल ने बताया कि एमएम इंटर प्राइजेज पेट्रोल पंप, रोहतक- गोहाना बाइपास पर है और थाना औद्योगिक हुडा सेक्टर 29 के तहत आता है। पंप पर वीरवार अल सुबह बाइक सवार दो बदमशों ने लूट की चेष्टा की। वहीं, सेल्समैन अरूण व नागेश बहादुरी दिखाते हुए बदमाशों से मुकाबला किया और उनकी पिस्तौल छीन ली। वहीं, बदमाश फरार हो गए। उन्होंने दावा किया कि बदमाशों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।



पानीपत। आईबी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सतवीर सिंह के साथ मेधावी छात्राएं।

## आईबी कॉलेज के एमए इंग्लिश का रिजल्ट उत्कृष्ट रहा

**पानीपत।** आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एम.ए. इंग्लिश प्रीवियस का परीक्षा परिणाम इस वर्ष अत्यंत शानदार रहा। विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय का नाम रोशन किया। परिणाम घोषित होते ही कॉलेज परिसर में खुशी का माहौल देखने को मिला। वहीं, दिव्या ने 9.09 एसजीपीए, मेघा ने 8.91 एसजीपीए, कमलजीत ने 8.73 एसजीपीए, कोमल ने 8.73 एसजीपीए, रिया ने 8.55 एसजीपीए तथा अफशा ने 8.10 एसजीपीए प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। वहीं, प्राचार्य डॉ. सतवीर सिंह, अंग्रेजी विभागाध्यक्षा डॉ. नीलम, युधिष्ठिर मिगलानी, कॉमर्स विभागध्यक्ष डॉ. सुनित शर्मा, डॉ. निधि, डॉ. स्वाती पुनिया, डॉ. नेहा पुनिया, सहायक प्रो.प्रिया बरेजा, रेखा शर्मा, राहुल, डॉ. रेशु, दीप्ति, एकता ने मेधावी छात्राओं को बधाई व उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

# मेयर सैनी ने वार्डों में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की

- जनसेवा, सुशासन, विकास के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत



पानीपत। मेयर कोमल सैनी, पार्षदों के साथ बैठक करते हुए। फोटो : हरिभूमि

पानीपत नगर निगम की महापौर कोमल सैनी ने शुक्रवार को देवीलाल कॉम्प्लेक्स स्थित निगम कार्यालय में पार्षदों के साथ बैठक कर शहर के सभी वार्डों में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने पार्षदों के साथ आगामी विकास योजनाओं को लेकर व्यापक चर्चा की। बैठक में शहर को स्वच्छ, सुव्यवस्थित और आधुनिक सुविधाओं से युक्त बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। वहीं, मेयर सैनी ने कहा कि बरसात के मौसम से पहले शहर के सभी बरसाती नालों की सफाई सुनिश्चित की जाएगी, ताकि जलभराव जैसी समस्याओं से नागरिकों को राहत मिल सके। इसके लिए सभी पार्षदों से उनके वार्डों में ब्लॉक पड़े नालों की सूची मांगी गई है, जिससे शीघ्र डिसिल्टिंग कार्य किया जा सकें। उन्होंने कहा कि जनता को जलभराव, गंदगी और अव्यवस्था से मुक्ति दिलाना नगर निगम की प्राथमिकता है।

### नरेगा संघर्ष मोर्चा ने प्रदर्शन कर धरना दिया

**समालखा।** नरेगा संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर मनरेगा मजदूरों की देशव्यापी हड़ताल के तहत अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर यूनियन राज्य महासचिव के नेतृत्व में पानीपत जिले में समालखा ब्लॉक के पट्टीकल्याणा, महावटी, ढोढ़पुर, बसेड़ा आदि गांवों के सरपंचों के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। वहीं बापौली व सनौली ब्लाक में भी ज्ञापन सौंपा गया। ग्रामीण मजदूरों की देशव्यापी हड़ताल के तहत धरना प्रदर्शन करते हुए मनरेगा को बहाल करने और मजदूर विरोधी कानून को रद्द करने की मांग उठाई गई। नरेगा संघर्ष मोर्चा हरियाणा तालमेल कमेटी के संयोजक व खेत एवं ग्रामीण मजदूर यूनियन राज्य महासचिव राजेंद्र ने बताया कि मुकेश चौहान, इंद्रजीत उर्फ बंटी, मीनाक्षी, निशांत पंवार, प्रेम चौकीदार, सतबीर राठी, कमलेश, रेखा, राजेंद्र, सुरेश, पवन चौकीदार, सरोज, सतबीर चौकीदार आदि उपस्थित रहे।




समालखा। नरेगा संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारी प्रदर्शन करते हुए।

### मुलतानी युवा अपने इतिहास की जड़ों से जुड़े रहें: वर्मा




**पानीपत।** पानीपत के हुडा सेक्टर -12 स्थित आर्य समाज मंदिर के हॉल में पानीपत में बनी मुलतानी फिल्म सजा का शनिवार की शाम पांच बजे प्रसारण होगा। वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता आर्य सुरेश मलिक करेंगे, जबकि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा मुख्य अतिथि होंगे। मंदिर प्रबंधन समित के अध्यक्ष आर्य सुरेश मलिक ने कहा कि पानीपत के जाने माने कलाकार व लेखक कमल नयन वर्मा द्वारा निर्मित व देव वर्मा द्वारा निर्देशित मुलतानी फिल्म सजा को समाज के लोगों की मांग पर दिखाया जा रहा है। पानीपत में मुलतानी बोली को बोलने व समझने वाले लोगों की काफी संख्या है। वहीं, फिल्म का प्रसारण सामाजिक कार्यकर्ता बेला भाटिया के सौजन्य से होगा। फिल्म में कमल नयन वर्मा के साथ तरूण मेहता, मोहित मेहता, पूजा सहगल, प्रिया खुराना, गजेंद्र सलूजा, सतीश बुद्धिराजा, नरेन्द्र गर्ग, सिम्मी भल्ला, जगदीश चोपड़ा, टेक चन्द सोनी, वेद बांगा आदि ने अभिनय किया है।

# पानीपत टॉपर पुष्पेंद्र गांधी को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत




पानीपत। डीएसपीएस की प्राचार्या डॉ. विनीता तोमर, पानीपत जिला टॉपर पुष्पेंद्र गांधी को सम्मानित करते हुए। पानीपत। फोटो : हरिभूमि

दयाल सिंह पब्लिक स्कूल की प्राचार्या डॉ. विनीता तोमर ने पानीपत जिला में सीबीएसई कक्षा 12वीं के टॉपर पुष्पेंद्र गांधी को पुष्प गुच्छ देकर और मिठाई खिलाकर व उज्वल भविष्य का आशीर्वाद देकर सम्मानित किया। वहीं डॉ तोमर ने बताया कि दयाल सिंह पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी पुष्पेंद्र गांधी ने यह सफलता वाणिज्य संकाय में 98.8 प्रतिशत अंक लेकर अर्जित की। वहीं, पुष्पेंद्र ने उन्होंने कोई ट्यूशन नहीं ली और बल्कि घर में और स्कूल में टीचर्स के मार्गदर्शन में अपनी पढाई मेहनत से की। इधर, पुष्पेंद्र ने अपनी सफलता का श्रेय प्राचार्या डॉ विनीता तोमर व अपने टीचर्स को दिया। जबकि परिजनों ने भी दयाल सिंह स्कूल का आभार जताया।

# परिवार ही समाज की पहली पाठशाला: कौशिक

- फैला उजियारा फाउंडेशन ने विश्व परिवार दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत



पानीपत। फैला उजियारा फाउंडेशन की अध्यक्ष रंजीता कौशिक, नारी शक्ति को पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए। फोटो : हरिभूमि

फैला उजियारा फाउंडेशन द्वारा शुक्रवार को "अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस" के अवसर पर जिले के गांव बलाना में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। वहीं, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए फाउंडेशन की अध्यक्ष कुमारी रंजीता कौशिक ने कहा कि परिवार केवल एक घर नहीं बल्कि समाज की सबसे मजबूत इकाई है। यदि परिवार में प्रेम, सम्मान और संस्कार बने रहते हैं तो समाज भी सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ता है। उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में परिवारों के बीच संवाद कम होता जा रहा है, जिसके कारण सामाजिक और मानसिक समस्याएं बढ़ रही हैं। ऐसे समय में परिवार दिवस का महत्व और भी अधिक बढ़ जाता है।

### महिला होती है परिवार की धुरी

महिला परिवार की धुरी होती है। उसके संस्कार, व्यवहार और सोच का प्रभाव पूरे परिवार पर पड़ता है। यदि महिलाएं बच्चों को अच्छे संस्कार दें और परिवार में प्रेम व अनुशासन का वातावरण बनाए रखें तो आने वाली पीढ़ी मजबूत और जिम्मेदार बन सकती है। उन्होंने कहा कि बच्चों को केवल अच्छी शिक्षा देना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें नैतिक मूल्यों और मानवीय संवेदनाओं से भी जोड़ना आवश्यक है। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वे परिवार को जोड़ने और नई पीढ़ी को सही दिशा देने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। इस अवसर पर मोनिका, नीता, भावना, कोमल, अनिता, सुहाना, स्वाति, सुजाता, बबीता, अंगुरी, सुनीता, सावित्री, सुमन कविता आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज डायरी

### अंश ने सिल्वर जीता

**पानीपत।** पानीपत के हुडा सेक्टर छह में स्थित एसडी इंटरनेशनल स्कूल के तृतीय कक्षा के छात्र अंश त्यागी ने गुरुग्राम में आयोजित राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में रजत पदक जीतकर शहर, विद्यालय व परिवार का नाम रोशन किया है। अंश त्यागी को स्कूल के अध्यक्ष पवन गर्ग व प्राचार्या रुचि शर्मा ने बधाई व उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

### मंडी से खोखे हटाने के निर्देश

**इसराना।** पानीपत के गांव इसराना की पुरानी अनाज मंडी फड पर लगे अवैध खोखों पर इसराना मार्केट कमेटी ने सख्त रूख अपना लिया है। वहीं, इसराना मार्केट कमेटी की टीम मंडी सुपरवाइजर संदीप ने फड का निरीक्षण किया। इधर, संदीप की रिपोर्ट पर इसराना मार्केट कमेटी सचिव पवन कुमार ने कहा कि फड पर लगे खोखों को उनके मालिक तीन दिन के अंदर स्वयं हटा ले। वहीं, सोमवार को कमेटी जेसीबी मशीन से सभी के खोखो को हटवाएगी।

### एसपी ने अपराध समीक्षा की

**पानीपत।** पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने पर्यवेक्षण अधिकारियों, थाना प्रबंधकों व चौकी इंचार्जों के साथ अपराध समीक्षा बैठक की। उन्होंने इस दौरान कानूए एवं व्यवस्था व दर्ज मुकदमों में की जा रही कार्रवाई की समीक्षा लेकर अपराध नियंत्रण, कानून एवं व्यवस्था और थानों की कार्यप्रणाली को और अधिक बेहतर बनाने के लिए कड़े दिशा-निर्देश दिए। बैठक में डीएसपी मुख्यालय सतीश वत्स, डीएसपी सुरेश कुमार सैनी, डीएसपी राजबीर सिंह, डीएसपी आत्माराम, डीएसपी प्रणय कुमार और सभी थाना प्रबंधक व चौकी इंचार्ज मौजूद रहें।

### शेर सिंह को सर्व सम्मति से मुख्य सेवादार प्रधान चुना

**पानीपत।** गुरुद्वारा श्री गुरु रामदास सिंह सभा माडल टाउन में संग्राद के पवित्र दिन पर संगतों के सहयोग से शेर सिंह बाजवा को सर्व सम्मति से मुख्य सेवादार प्रधान चुना गया। इस अवसर पर एचएसजीएमसी मेंबर स. मोहनजीत सिंह, चुनाव प्रधान अमरजीत सिंह कोहली, स. गुरुशरण सिंह बब्बू, हरचरण सिंह धम्मू, डीएसपी दलबीर सिंह, स. मनजीत सिंह, अमरजीत सिंह, सुरजीत सिंह, इंद्रजीत सिंह, हरविंदर सिंह व सिख संगत उपस्थित रही।

### एलएनटी कॉलेज में शैक्षणिक प्रदर्शन व कौशल आधारित शिक्षा पर संगोष्ठी आयोजित

# कौशल आधारित शिक्षा ग्रहण करें विद्यार्थी: गुप्ता

*शिक्षा का उद्देश्य केवल अंक प्राप्त करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को जीवन की वास्तविक चुनौतियों के लिए तैयार करना भी है*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ समालखा



पानीपत। एलएनटी कॉलेज में राष्ट्रीय संगोष्ठी में शिरकत करते अतिथि व शिक्षाविद्। फोटो : हरिभूमि

एलएनटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, मछरौली में शैक्षणिक प्रदर्शन और कौशल आधारित शिक्षा के बीच की खाई को पाटना विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी हुई। वहीं, संगोष्ठी का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना के साथ हुआ। जबकि मुख्यातिथि कॉलेज सचिव सुशील गुप्ता ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में विद्यार्थियों के लिए केवल किताबी ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें व्यवहारिक कौशल, संचार क्षमता, नेतृत्व गुण एवं तकनीकी दक्षता भी विकसित करनी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास, अनुशासन एवं निरंतर सीखने की भावना अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि कौशल आधारित शिक्षा ही युवाओं को आत्मनिर्भर एवं सफल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। जबकि रिसोर्स पर्सन डॉ. सुरक्षा पाल ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल अंक प्राप्त करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को जीवन की वास्तविक चुनौतियों के लिए तैयार करना भी है। वहीं, संगोष्ठी के प्राचार्य डॉ. लोकेश शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की संगोष्ठियां विद्यार्थियों को नई दिशा प्रदान करती हैं तथा उन्हें शिक्षा के आधुनिक आयामों से जोड़ती हैं।

संगोष्ठी में प्रोफेसर डॉ.राजेश भारद्वाज, मनीषा वत्स, डॉ. बलजीत सिंह, डॉ. सुदेश रानी, डॉ. दर्शन धीमान, सोनिया बंसल, प्रदीप, सत्यनारायण, कमल शर्मा, हिमांशु शर्मा, गोविंद चौधरी, सतेंद्र, मोनालिका आदि उपस्थित रहे।

### बजाज ने पल्सर पर छूट दी

**पानीपत।** बजाज ऑटो लिमिटेड ने पल्सर 125 पर सीमित अवधि के लिए देश भर में लोकप्रिय परफॉर्मेंस मोटरसाइकिल पल्सर 125 रेंज की शुरुआती एक्स-शोरूम (दिल्ली) कीमत पर सीमित अवधि के लिए तीन हजार रूपये छूट खरीददार को देने की घोषणा की है। वहीं, नई रेंज को युवाओं को ध्यान में रखकर पेश किए गए नए कलर ऑप्शन्स और अपडेटेड ग्राफिक्स के साथ और आकर्षक बनाया गया है।

### कलश यात्रा निकाली

**इसराना।** पानीपत के गांव इसराना में हाईवे पर भगवान श्री शनि की जयंती की पूर्वसंध्या पर महिला श्रद्धालुओं ने श्री शनि मंदिर से लेकर इसराना में दोनों तरफ बाजार में और गांव में कलशयात्रा निकाली। वहीं, मंदिर में श्री शनि जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी और श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

**कार्यालय तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार पानीपत**

**दिनेश कुमार बसंल पुत्र स्व. श्री जौहरी लाल निवासी मकान न० 638 सैक्टर 17 पानीपत**
**बनाम**
**जरनल पब्लिक**

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सुचित किया जाता है कि दिनेश कुमार बसंल पुत्र स्व. श्री जौहरी लाल निवासी मकान न0 638 सैक्टर 17 पानीपत ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतू अपनी जायदाद पानीपत बाबत इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमे स्पस्ट रूप से बताया गया है कि स्वगीय पिता जौहरी लाल पुत्र श्री गोरधन दास की मृत्यु दिनांक 25/01/2017 को हो चुकी है व पार्वती धर्मपत्नी स्वर्गीय श्री जौहरी लाल की दिनाक 5.10.2020 को मृत्यु हो चुकी है और जिनकी मृत्यु बाद उनके निम्न वारिस है।

न० 1 जगन नाथ सपुत्र न० 2 दिनेश कुमार बंसल सपुत्र न० 3 मणि राम बंसल सपुत्र न० 4 अमित बंसल सपुत्र न० 5 रानी गोयल सपुत्री न० 6 प्रिया सपुत्री न० 7 साक्षी अग्रवाल सपुत्री न० 8 जानकी मितल सपुत्री (नृत्यु तिथि 5/2/2026) मृतक जानकी देवी वारसन न० 1 रुचीन कुमार पुत्र न० 2 लकुश मितल पुत्री है। अन्य कोई वारिस नहीं है। हम वारसन की तसदीक रामपाल नम्बरदार तरफ इंसार पानीपत व हल्का पटवारी की रिपोर्ट दिनाक 01.05.2026 के अनुसार हो चुकी है।

इसके अलावा मृतक जौहरी लाल व मृतक मृतक पार्वती देवी का उपर लिखित के इलावा अन्य कोई वारिस / उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बध मे प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है इसलिए हर आम व खास को इस इश्तहार / नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गऐ वारिस / उत्तराधिकारी के बाचत कोई शक एवंम इतराज हो तो स्वयं अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिन के अन्दर-2 इस कार्यालय में कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है . अन्यथा उपरौक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जावेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 14.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/- तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार, पानीपत

## खबर संक्षेप

### 21 ग्राम हेरोइन सहित आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** सीआईए-नारायणगढ़ टीम ने नशीले पदार्थो की तस्करी के नेटवर्क को तोड़ते हुए 21 ग्राम 71 मिलिग्राम नशीला पदार्थ हेरोइन मामले में आरोपी को अहमदपुर से काबू किया है। जांच टीम ने सूचना के आधार पर गांव अहमदपुर से आरोपी पुष्प कुमार उर्फ पुष्कर को काबू किया है। तलाशी लेने पर आरोपी से 21 ग्राम 71 मिलिग्राम नशीला पदार्थ हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी को तीन दिन के रिमांड पर लिया था।

### एटीएम बदलकर ठगी में दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज एटीएम कार्ड बदल कर धोखे से रूपये निकालने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए संलिप्त एक अन्य आरोपी प्रवीण कुमार उर्फ राहुल निवासी गांव मोरथली पेहवा को गिरफ्तार किया है। सीआईए-नारायणगढ़ उप निरीक्षक जरनैल सिंह ने बताया कि कि इस मामले पीड़ित महिला ने 31 अक्तूबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 29 अक्तूबर 2025 को मानव चौक कोर्ट रोड के एटीएम मशीन से आरोपी ने उसका एटीएम कार्ड बदल कर उसके खाते से 46 हजार 720 की राशि निकाल ली है। इस मामले में संलिप्त अब तक दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे नकदी बरामद की गई है।

### बुजुर्गों के साथ मनाया जन्मदिवस

**शहजादपुर।** सेवा हमारा सौभाग्य फाउंडेशन एवं श्री श्याम परिवार सेवा समिति के सदस्य माधव मित्तल ने अपना जन्मदिवस मोक्ष वृद्धाश्रम डेहरी में सेवा भाव के साथ मनाया । फाउंडेशन एवं समिति के अध्यक्ष गौरव गुप्ता ने बताया कि जन्मदिन जैसे विशेष अवसर जरूरतमंद एवं बुजुर्गों के साथ मनाने चाहिए, जिससे समाज में सेवा और सम्मान की भावना बढ़ती है। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों का आशीर्वाद जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है।

### रा.कालेज में प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाया

**जींद।** संत शिरोमणि श्री सैन भगत राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में एनएसएस एवं ईको क्लब के संयुक्त तत्वावधान में प्लास्टिक मुक्त अभियान का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को संबोधित करते कहा कि प्लास्टिक प्रदूषण आज पर्यावरण के लिए गंभीर समस्या बन चुका है। छात्रों को स्वच्छता अपनाने तथा सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग कम करने के लिए प्रेरित किया। कहा कि हर विद्यार्थी का कर्तव्य है कि आसपास के वातावरण को स्वच्छ एवं सुरक्षित बनाए रखने में योगदान दे।

### शिव मंदिर में श्रीमद् भागवत कथामृत कल से

**जींद।** शिव मंदिर में 17 मई से 23 मई तक सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन गीता भागवत प्रचार सेवा ट्रस्ट वृंदावन के मार्गदर्शन मे आयोजित किया जा रहा है। इस धार्मिक आयोजन का संचालन शकुंतला वैष्णवी एवं राजेंद्र वैष्णव परिवार द्वारा किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में कथा वाचक इंदु वैष्णवी श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत महापुराण की अमृतमयी कथा सुनाएंगी।

## उप अधीक्षक और रिटायर्ड कर्मचारी ने लगाया चूना

# नागरिक अस्पताल में 21.8 लाख रुपये के बड़े घोटाले का भंडाफोड़

सूचना के आधार पर सीएम फ्लाइंग ने देर रात तक खंगाला रिकॉर्ड, जांच में मिली वित्तीय खामियां, कई साल से चल रहा था गबन का खेल

हरिभूमि न्यूज >> शहजादपुर



**शहजादपुर।** घपले की जांच करते सीएम फ्लाइंग के अधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

स्वास्थ्य विभाग में लगातार घोटालों के उजागर होने से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। तीन दिन पहले जिस प्रकार सीएम फ्लाइंग ने शहजादपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जांच के बाद लाखों रुपये का घोटाला उजागर किया था उसी प्रकार मुख्यमंत्री उड़नदस्ते ने सूचना पर बड़ी कार्रवाई करते हुए नारायणगढ़ के नागरिक अस्पताल में चल रहे एक बड़े वित्तीय घोटाले का भंडाफोड़ किया है। आरोप है कि अस्पताल के उप अधीक्षक सुभाष चंद ने कोषागार के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ मिलीभगत कर 'ई-सैलेरी पोर्टल' के माध्यम से अपनी और एक रिटायर्ड कर्मचारी की तनख्वाह के रिकॉर्ड में हेरफेर कर आरोपियों ने फर्जी प्रविष्टियां दिखाकर सरकारी खजाने से लाखों रुपये का गबन किया है। इस मामले में सीएम फ्लाइंग की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी उप अधीक्षक सुभाष चंद और रिटायर्ड वार्ड सर्वेंट मोहन लाल के खिलाफ धोखाधड़ी और गबन की विभिन्न संगीन धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जांच टीम की रिपोर्ट के अनुसार, उप अधीक्षक सुभाष चंद ने अपनी बेसिक पे, डीए , एचआरए , एफटीए और अन्य भत्तों में जालसाजी कर कुल 11,93,470 रुपये की अतिरिक्त अवैध राशि हड़पी।जिसमें वर्ष 2023-24 में 7,392 रुपये ,वर्ष 2024-25 में 9,87,450 रुपये ,वर्ष 2025-26 में 46,240 रुपये, 2026-27 में 1,52,388 रुपये अतिरिक्त निकाले। इसके अलावा आरोपी ने 11 मई 2026 को तीसरी एसीपी के एरियर का एक गलत और फर्जी आदेश तैयार कर 1,44,308 रुपये का क्लेम पास करवा लिया जबकि इस एरियर का असली क्लेम वह पहले ही 19 अगस्त 2025 को ले चुका था। यही नहीं आरोपी सुभाष चंद ने अस्पताल के एक सेवानिवृत्त वार्ड सर्वेंट मोहन लाल (जो 31 अगस्त 2025 को रिटायर हो चुके थे) के नाम पर भी स्पेशल अलाउंस और अन्य भत्तों में हेरफेर की। उसने सरकारी रिकॉर्ड में जानबूझकर फर्जी प्रविष्टियां कीं और कुल 9,93,400 रुपये की अतिरिक्त अवैध राशि का भुगतान करवाकर सरकारी खजाने को चूना लगाया। कुल मिलाकर दोनों के नाम पर 21,86,870 रुपये के सरकारी धन के गबन का मामला प्रारंभिक जांच में स्पष्ट हुआ है।पुलिस रिपोर्ट के मुताबिक,जांच के दौरान नागरिक अस्पताल के एसएमओ डॉ. रूपिंद्र सिंह सैनी की भूमिका भी गंभीर रूप से संदेहास्पद पाई गई है। पुलिस ने साफ किया है कि यदि अनुसंधान के दौरान डॉ. सैनी या ट्रेजरी के किसी अन्य अधिकारी कर्मचारी की संलिप्तता पाई जाती है, तो उनके खिलाफ भी नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री उड़नदस्ते की लिखित शिकायत और 134 पेजों के एरियर व सैलरी बिलों के सबूतों के आधार पर थाना नारायणगढ़ में विभिन्न धाराओं के तहत उप अधीक्षक सुभाष चंद ,रिटायर्ड कर्मचारी मोहन लाल सहित अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

### 13 मई को सीएम फ्लाइंग को मिली थी सूचना

सीएम फ्लाइंग की टीम के उप निरीक्षक परविंदर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 13 मई 2026 को मुख्यमंत्री उड़नदस्ता को एक विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली थी। सूचना में बताया गया था कि जिस तरह सीएचसी शहजादपुर में पूर्व में लाखों रुपये का घोटाला हुआ था, ठीक उसी तरह नागरिक अस्पताल नारायणगढ़ में तैनात उप अधीक्षक सुभाष चंद ने नागरिक अस्पताल और ट्रेजरी नारायणगढ़ के स्टाफ के साथ मिलकर ई-सैलेरी पोर्टल पर हेरफेर की है। शिकायत में बताया गया गया की सुभाष चंद ने वित्तीय वर्ष 2022-23 से 2026 के दौरान अपने और रिटायर्ड वार्ड सर्वेंट मोहन लाल के खातों में भत्तों की फर्जी एंट्री करके वैध वेतन से कई गुना अधिक अवैध राशि निकाली है।सूचना पुख्ता होने पर उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री उड़नदस्ते के निरीक्षक इंस्पेक्टर राजेश कुमार की अगुवाई में एक संयुक्त जांच टीम का गठन किया गया। इसमें मुख्यमंत्री उड़नदस्ते के उपनिरीक्षक परविंदर, जनकराज,बलजिंदर के साथ मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से नियुक्त सक्षम अधिकारी डॉ. विपिन भंडारी और संजीव कुमार (लेखा सहायक) शामिल किया गया। सुबह ही जांच टीम नागरिक अस्पताल में दबिश दे जांच शुरू की । देर रात तक जब वहां मौजूद एसएमओ डॉ. रूपिंद्र सिंह सैनी की उपस्थिति में ई-सैलेरी पोर्टल और एक्सेल शीट के रिकॉर्ड को खंगाला गया तो बड़े पैमाने पर वित्तीय गड़बड़ियां सामने आईं।

# नीट पेपर की निष्पक्ष जांच व दोषियों पर हो कार्रवाई: पूजा

- भाजपा से जुड़े लोग शिक्षा माफिया को दे रहे संरक्षण

हरिभूमि न्यूज >> बराड़ा।



बराड़ा। विधायक पूजा चौधरी। *फोटो : हरिभूमि*

नीट यूजी परीक्षा में हुए कथित पेपर लीक मामले को लेकर विधायक पूजा चौधरी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। विधायक द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में उन्होंने कहा कि नीट परीक्षा में पेपर लीक जैसी घटनाओं ने देशभर के लाखों विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों की मेहनत व विश्वास को गहरा आघात पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि यह केवल परीक्षा में गड़बड़ी का मामला नहीं, बल्कि देश की शिक्षा व्यवस्था और युवाओं के भविष्य से जुड़ा गंभीर विषय है। विधायक ने आरोप लगाया कि भाजपा से जुड़े लोग शिक्षा माफियाओं को संरक्षण दे रहे हैं, जिसके चलते बार-बार पेपर लीक की घटनाएं सामने आ रही हैं। इससे लाखों छात्र-छात्राओं और उनके परिवारों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि वर्षों की कठिन मेहनत के बाद परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों के भविष्य के साथ इस प्रकार का खिलवाड़ बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखना सरकार और संबंधित एजेंसियों की जिम्मेदारी है, लेकिन वे इसमें लगातार विफल साबित हो रही हैं। विधायक पूजा ने कहा कि इतनी महत्वपूर्ण राष्ट्रीय परीक्षा का सुरक्षित न होना केंद्र सरकार की नाकामी को दर्शाता है। कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि पूरे मामले की समयबद्ध एवं निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके। उन्होंने यह भी मांग उठाई कि परीक्षा प्रणाली को अधिक सुरक्षित और तकनीकी रूप से मजबूत बनाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। विधायक ने कहा कि देश के विद्यार्थियों के हित सर्वोपरि हैं और उनके भविष्य से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जा सकता।

### पीएम श्री विद्यालय उगाला की अन्वी ने दसवीं कक्षा में 452 अंक प्राप्त कर किया टॉप

**बराड़ा।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उगाला के विद्यार्थियों ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा सत्र 2025-26 में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। कक्षा 10वीं में अन्वी पुत्री राजेश कुमार ने 500 में से 452 अंक प्राप्त कर 90.4 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में पहला स्थान प्राप्त किया। साक्षी की इस उपलब्धि को उनकी निरंतर मेहनत, अनुशासन, लगन और शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन का परिणाम बताया जा रहा है। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने अपनी प्रतिभा के बल पर यह साबित कर दिया कि दृढ़ निश्चय और मेहनत से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

# शादी का दबाव बना हत्या की मुख्य वजह

- कार ट्रैकिंग से पुलिस ने किया था आरोपी को काबू

हरिभूमि न्यूज >> बराड़ा



बराड़ा। मृतका अमनदीप *फोटो : हरिभूमि*

तीन दिन पहले घर से मां की टेस्ट रिपोर्ट लेने निकली युवती अमनदीप की हत्या के मामले में आरोपी प्रेमी संदीप से सिलसिलेवार खुलासा कर दिया है। छह साल से दोनों के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था। अब अमनदीप प्रेमी पर शादी का दबाव बना रही थी। इसी दबाव की वजह से संदीप ने सुनियोजित तरीके से प्रेमिका को मौत के घाट उतार दिया। संदीप ने जहर देकर पहले प्रेमिका की हत्या की। इसके बा साक्ष्य मिटाने के लिए शव को बैग में भरकर हिमाचल प्रदेश के सिरमौर के जंगलों में ले जाकर आग लगा दी। डीएसपी सुरेश कौशिक ने बताया कि करीब छह वर्षों से प्रेमी संदीप का अमनदीप के साथ प्रेम प्रसंग था। शादी के दबाव से पीछा छुड़वाने के लिए आरोपी ने युवती को जहरीला पदार्थ खिलाकर मौत के घाट उतार दिया। अब पुलिस हत्या में इस्तेमाल सामान और अन्य साक्ष्य बरामद करने का प्रयास कर रही है। उसे रिमांड पर लिया गया है।

### जहर निगलने में भी दे गया दगा प्रेमी

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि सोलर इन्वर्टर का काम करने वाले आरोपी प्रेमी संदीप ने जहर निगलने में भी प्रेमिका को दगा दे दिया। पुलिस के मुताबिक दोनों ने मिलकर एक साथ आत्महत्या करने की योजना बनाई थी। इसके लिए दोनों ने एक साथ जहर खाने का निर्णय लिया था। आरोपी ने युवती को तो जहर खिला दिया लेकिन खुद नहीं खाया। जब युवती की मौत हो गई तो उसके शव को बैग में डालकर अपनी कार से हिमाचल प्रदेश के जंगलों में ले गया। बताया कि आरोपी संदीप खुद विवाहित है। डेढ़ साल से एक किराये पर कमरा लिया हुआ था। उसी में वारदात को अंजाम दिया।

### ट्रैकिंग से कातिल तक पहुंची पुलिस

अंबाला शहर के रहने वाले सुरेंद्र सिंह ने बताया कि उनकी भांजी अमनदीप कौर मंगलवार सुबह अपनी कैंसर पीड़ित मां के टेस्ट की रिपोर्ट लेने बाजार गई थी। कुछ देर बाद उसका फोन बंद हो गया। जब वह घर नहीं लौटी तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की थी। रेलवे स्टेशन के पास एक अंडरपास के समीप दुकानों के ऊपर बने कमरे में अमनदीप को जाते देखा गया। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली तो अमनदीप के ऊपर जाने के काफी देर बाद एक युवक नीचे आया। वह एक रेहड़ी चालक के साथ मिलकर एक बैग को नीचे लाया और उसे रेहड़ी पर लादकर ले गया।

# गुरु रविदास की शिक्षाएं समाज को समानता व सेवा का देती हैं संदेश: रजत

- मंदिर में चेयरमैन ने चढ़ाया कलश, हॉल निर्माण पर दिए 11 लाख

हरिभूमि न्यूज >> बराड़ा



**बराड़ा।** मंदिर में छत्र चढ़ाते हुए रजत मलिक *फोटो : हरिभूमि*

कस्बे के योगी मोहल्ला स्थित गुरु रविदास महाराज के मंदिर में भव्य धार्मिक समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका चेयरमैन रजत मलिक मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे और श्रद्धा भाव से मंदिर के शिखर पर कलश चढ़ाने की सेवा संपन्न की। समारोह के दौरान मंदिर परिसर श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति से भक्तिमय माहौल में सराबोर रहा। संगत ने गुरु महाराज के जयकारों के बीच धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए चेयरमैन रजत मलिक ने कहा कि संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज की शिक्षाएं समाज को समानता, भाईचारे और सेवा का संदेश देती हैं। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थल समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं और इनके विकास के लिए हर संभव सहयोग दिया जाएगा।

### माजरी स्कूल की छात्रा मनजीत ने किया दसवीं कक्षा की परीक्षा में टॉप



**अंबाला।** स्कूल में टॉप करने वाली छात्रा मनजीत कौर।

**अंबाला।** गर्वनमेंट सीनियर सैकेंडरी स्कूल माजरी के छात्रों ने भी हरियाणा शिक्षा बोर्ड भिवानी के दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन किया। स्कूल के प्रधानाचार्य संजीव कुमार ने बताया कि कुल 67 छात्रों ने दसवीं कक्षा की परीक्षा दी थी। इनमें से 65 छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते बाजी मारी। उन्होंने बताया कि परीक्षा में मनजीत कौर ने 483 अंक हासिल कर पूरी स्कूल में टॉप किया है जबकि नैंसी ने 445 अंक हासिल कर दूसरा स्थान हासिल किया है। 437 अंक हासिल कर ज्योति तीसरे स्थान पर रही। अन्य छात्रों ने भी परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए बेहतर अंक हासिल किए हैं। प्रधानाचार्य ने बताया कि दसवीं कक्षा के छात्रों की इस कामयाबी पर पूरे स्कूल में जश्न का माहौल है। उन्होंने परीक्षा पास करने वाले सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उन्होंने कहा कि विद्यालय का रिजल्ट हर वर्ष की तरह इस साल भी शत प्रतिशत रहा है। इसका पूरा श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के प्रयास व माता पिता को जाता है। उन्होंने मेधावियों को प्रेरित करते हुए कहा कि सभी छात्रों को मन लगाकर पढ़ाई करनी चाहिए।

# आधुनिक दौर में आत्मनिर्भर बनने के लिए स्किल डेवलपमेंट जरूरी: वैद

- प्रयास संस्था ने किया एडवांस ब्यूटी एंड वेलनेस सेंटर शुरू

हरिभूमि न्यूज >> मुलाना



**मुलाना।** मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए संस्था के सदस्य।

महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए प्रयास समाज सेवा संस्थान ने गांव मुलाना में निशुल्क एडवांस ब्यूटी एंड वेलनेस सेंटर का शुभारंभ किया। केंद्र का उद्घाटन समाजसेवी विकास वैद ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं, युवतियां एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। केंद्र प्रभारी मोनिका कालड़ा एवं प्रीति गर्ग के नेतृत्व में शुरू किए गए इस प्रशिक्षण केंद्र में पहले ही दिन 42 विद्यार्थियों ने दाखिला लेकर उत्साह दिखाया। कार्यक्रम का संचालन नीति जैन ने किया। मुख्य अतिथि विकास वैद ने महिलाओं एवं युवतियों को कौशल विकास के महत्व के बारे में प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में सीखा गया कोई भी हुनर कभी व्यर्थ नहीं जाता। उन्होंने कहा कि आज के दौर में आत्मनिर्भर बनने के लिए स्किल डिवेलपमेंट सबसे बड़ी पूंजी है।

### 10वीं के परीक्षा परिणाम में बरखा ने किया टॉप



**अंबाला।** सैनी हाई स्कूल के छात्रों ने बीते वर्षो की भांति इस बार भी हरियाणा शिक्षा बोर्ड भिवानी के 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में बेहतर प्रदर्शन कर मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज करवाया। इस मौके पर स्कूल के प्राचार्य अश्वनी कुमार गुप्ता ने बताया कि स्कूल के कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। इन परीक्षा परिणामों में 5 छात्रों की मेरिट आई है। जिसमें स्कूल की छात्रा बरखा रानी ने 500 अंकों में से 442 अंक प्राप्त किए, वहीं दूसरे स्थान पर रही नमनप्रीत कौर ने 429 अंक प्राप्त किए। तीसरे स्थान पर रही रितिका ने 427 अंक प्राप्त किए, चौथे स्थान पर रहे छात्र विकास ने 401 अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। बाकी शेष सभी छात्रों ने फस्ट डिवीजन लेकर 10वीं कक्षा उत्तीर्ण की है। इस मौके पर स्कूल प्रबंधक समिति के सदस्यों ने बच्चों के बेहतर परीक्षा परिणामों को लेकर उनको बधाई दी। सैनी सर्कल सभा अंबाला के प्रधान देवेंद्र सैनी, स्कूल के कोऑर्डिनेटर रामचंद्र सैनी, सचिव ज्ञानचंद सैनी व प्रबंधक राजकिशन सैनी ने सभी बच्चों, अभिभावकों व अध्यापकों को शुभकामनाएं दी।

### धमकी देने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** सीआईए-2 टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए रास्ता रोककर लड़ाई-झगड़ा, गाड़ी क्षतिग्रस्त करने व जान से मारने की धमकी देने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारी ने बताया कि शिकायतकर्ता रणधीर सिंह निवासी गांव माखूमाजरा ने 4 मई 2026 को थाना पड़ाव में शिकायत दी थी कि दुराना मोड़ मोहड़ा के पास आरोपी विकास व अन्य ने गाड़ी का रास्ता रोककर उससे लड़ाई-झगड़ा करने, गाड़ी के शीशे तोड़ने व जानलेवा हमला करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई करते हुए मामले में संलिप्त आरोपी को गिरफ्तार कर वारदात में प्रयुक्त गाड़ी, डंडे और लोहे की रॉड बरामद की है। आरोपी की पहचान विकास वासी गांव सरगथल सोनीपत के रूप में हुई है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## समारोह की तैयारियों पर उपायुक्त ने की विभागीय अधिकारियों संग बैठक

# शहजादपुर अनाजमंडी में महाराणा प्रताप जयंती पर होगा राज्यस्तरीय समारोह

मुख्यमंत्री नायब सैनी बतौर मुख्य अतिथि करेंगे शिरकत, मिजोरम के राज्यपाल भी रहेंगे विशेष तौर पर मौजूद

हरिभूमि न्यूज >> अंबाला



**अंबाला।** मीटिंग के दौरान मौजूद अधिकारी।

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि महाराणा प्रताप जयंती के उपलक्ष्य में 17 मई को शहजादपुर अनाज मंडी में एक भव्य राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। वशिष्ठ अतिथि के तौर पर मिजोरम के राज्यपाल वीके सिंह शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। उपायुक्त अपने कार्यालय में राज्य स्तरीय कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर विभागीय अधिकारियों के साथ एक बैठक ले रहे थे। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, एचएससीएआरडीबी के चेयरमैन अमरपाल राणा, एसडीएम शिवजीत भारती विशेष रूप से मौजूद रहे। उपायुक्त ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए बताया कि 17 को शहजादपुर अनाज मंडी में प्रातः 11 बजे एक भव्य राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इससे पहले मुख्यमंत्री गांव माजरा में महाराणा प्रताप की नवीकृत प्रतिमा का अनावरण भी करेंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यक्रम को लेकर मंडी में मार्केट कमेटी सचिव सफाई व्यवस्था का कार्य करवाना सुनिश्चित करें। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस के व्यापक प्रबंध होने चाहिए व पार्किंग की व्यवस्था भी सुनिश्चित हो ताकि कार्यक्रम में आने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इसी प्रकार जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को पेयजल व्यवस्था, लोक निर्माण विभाग व एनएचएआई विभाग के अधिकारियों को कार्यक्रम स्थल के साथ-साथ आस पास क्षेत्र में सडक़ के पैच वर्क काम पूरा होना चाहिए। बिजली निगम के अधिकारियों को कार्यक्रम स्थल पर निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति करने बारे, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को एंबुलैस की व्यवस्था, वन विभाग के अधिकारियों को पेड़ों की छंटनी करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का भव्य तरीके से आयोजन हो इसके लिए सभी कार्य समय रहते सुनिश्चित होनी चाहिए।

### ये रहे मौजूद

बैठक में सीईओ जिला परिषद गगनदीप, आरटीए सुशील कुमार, जीएम रोडवेज अश्वनी डोगरा, डीडीपीओ दिनेश शर्मा, डीएफओ नरेश रंगा, नगरपालिका सचिव राजेश कुमार, मार्केट कमेटी अखिलेश शर्मा, डीआईओ अंकित कुमार, डीआईपीआरओ धर्मेंद्र कुमार, कार्यकारी अभियंता साहिल शर्मा, बीडीपीओ योगेश कुमार, बीडीपीओ आस्था, कार्यकारी अभियंता हरीश गोयल भी मौजूद रहे।